नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 07-08-2019

## प्रकाशनार्थ

गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि के अवसर पर महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक जनजागरण रैली निकाली गई। रैली ने महाविद्यालय द्वारा अभिग्रहीत ग्राम मंझरिया में जनजागरण का कार्य किया। नुक्कड़ नाटक के द्वारा स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने ग्रामवासियों को बारिश के महीने में होने वाले जल–जनित एवं अन्य संक्रामक बिमारियों के लक्षण एवं उनके रोकथाम के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक देखने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि बदलते हुए मौसम में हमें अपनी सेहत एवं स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना चाहिए। जल–जनित बिमारियों से बचने के लिए हमें जल को उबालकर पीना चाहिए एवं अपने आस–पास के परिवेश को साफ एवं स्वच्छ रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी किरन सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के स्वयं सेवक/स्वयं सेविकाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा **'विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह'** विषय पर आयोजित सप्त दिवसीय समारोह के समापन अवसर पर व्याख्यान देती हुई महानगर की प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ0 मनीषा शाही ने कहा कि स्तनपान से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा रक्त की कमी, एवं महिलाओं में विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचा जा सकता है। विभागाध्यक्ष किरन सिंह ने बताया कि सप्त दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को स्तनपान से सम्बन्धित विभिन्न जानकारी दी गयी, इससे बचाव के उपाय बताए गये, स्तनपान, जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नमंच, प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी आदि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से स्तनपान जागरूकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार अम्बिका सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार हिमानी मिश्रा बी0एड. द्वितीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार खुश्बू सिंह बी0ए तृतीय वर्ष एवं सांत्वना पुरस्कार क्षीप्रा रानी बी0ए0 प्रथम वर्ष को मिला।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री पल्लवी नायक तथा आभार ज्ञापन गृह विभाग विज्ञान प्रभारी किरन सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ0 अभय श्रीवास्तव, सुश्री आम्रपाली वर्मा, श्रीमती कविता मन्ध्यान्, सुश्री रचना सिंह, डॉ0 सौरभ सिंह, श्रीमती नीतू साहनी सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(वागीश राज पाण्डेय)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी